भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 42
दिनांक 09.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट मेले

*42. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का पासपोर्ट जारी करने के कार्य में तेजी लाने और पासपोर्ट की उच्च या मौसमी मांग को पूरा करने के लिए गुजरात में पासपोर्ट मेला और पासपोर्ट सेवा शिविर आयोजित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो जिला–वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात सहित राज्यवार पासपोर्ट मेलों के आयोजन के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश मंत्री
(डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर)

(क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"पासपोर्ट मेले" के संबंध में दिनांक 09.12.2022 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 42 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग) मंत्रालय सप्ताहांत पर विशेष अभियान चलाकर या मेलों के आयोजन सहित विभिन्न कदम उठाकर पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और पासपोर्ट की अत्यधिक या किसी समयावधि में अधिक मांग को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

मंत्रालय ने 3 दिसंबर 2022 से गुजरात राज्य में भी अगले 4 शनिवारों के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और कुछ डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलकर एक और विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। 3 दिसंबर 2022 को अहमदाबाद और सूरत सहित 20 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न पासपोर्ट सेवा केंद्रों में मेलों का आयोजन किया गया। गुजरात में इन दो आरपीओ के तहत 5 पीएसके और 23 पीओपीएसके हैं।

(घ) पासपोर्ट मेलों के आयोजन के लिए अलग से कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है। व्यय, यदि कोई हो, केंद्रीय पासपोर्ट संगठन के नियमित बजट से वहन किया जाता है।

*****